# भारत कौशल रिपोर्ट, 2024

## प्रिलिम्स के लिये:

**इंडिया स्किल्स रिपोर्ट, 2024, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (AICTE), कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री एंड एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज़, AI (कृत्रिम बुद्धिमत्ता)।**

## मेन्स के लिये:

इंडिया स्किल्स रिपोर्ट 2024।

स्रोत: द हिंदू

## चर्चा में क्यों ?

हाल ही में व्हीबॉक्स ने अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (AICTE) भारतीय उद्योग परिसंघ और भारतीय विश्वविद्यालय संघ सहित विभिन्न एजेंसियों के सहयोग से भारत कौशल रिपोर्ट- 2024 प्रकाशित की है, जिसमें भारत का कौशल परिदृश्य एवं कार्यबल पर AI (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) के प्रभाव पर प्रकाश डाला गया है।

- **थीम:** कार्य, कौशल और गतिशीलता के भविष्य पर AI का प्रभाव।
- इस रिपोर्ट के निष्कर्ष 3.88 लाख उम्मीदवारों के मूल्यांकन का परिणाम हैं, जिन्होंने भारत के शैक्षणिक संस्थानों में**व्हीबॉक्स नेशनल एम्प्लॉयबिलिटी टेस्ट (WNET)** दिया था।

**नोट:** व्हीबॉक्स दूरस्थ प्रॉक्टर्ड **मूल्यांकन और परामर्श सेवाओं में अग्रणी फर्मों में से एक** है, जिसका मुख्यालय भारत में है तथा GCC (खाड़ी सहयोग परिषद) देशों में विस्तृत हुआ है, व्हीबॉक्स विश्व भर में निगमों, संस्थानों और सरकारों के लिये लाखों मूल्यांकन एवं आँकड़े प्रदान करता है।

## रिपोर्ट के मुख्य तथ्य क्या हैं?

- **AI नेतृत्व और प्रतिभा सघनता:**
  - भारत **AI कौशल पैठ और प्रतिभा सघनता में एक प्रमुख वैश्विक स्थान** रखता है, जो **AI** पेशेवरों का एक मज़बूत आधार दर्शाता है।
  - देश में अगस्त 2023 तक 4.16 लाख AI पेशेवर थे, जो **वर्ष 2026 तक 1 मिलियन** के आँकड़े तक पहुँचने की उम्मीद की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिये तैयार हैं।
  - भारत में ML इंजीनियर, डेटा साइंटिस्ट, **DevOps इंजीनियर और डेटा आर्किटेक्ट** जैसी प्रमुख भूमिकाओं में मांग-आपूर्ति का अंतर 60-73% तक है।
- **रोज़गार संबंधी रुझान:**
  - भारत में समग्र युवा रोज़गार क्षमता में सुधार हुआ है, जो **51.25% तक पहुँच गया** है। **हरियाणा,** महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, केरल और तेलंगाना जैसे राज्य अत्यधिक **रोज़गार योग्य युवाओं की उच्च सांद्रता प्रदर्शित करते** हैं।
  - हरियाणा में रोज़गार योग्य युवाओं की संख्या सबसे अधिक है, इस क्षेत्र के 76.47% परीक्षार्थियों ने WNET पर 60% और उससे अधिक अंक प्राप्त किये हैं।
- **आयु-विशिष्ट रोज़गार योग्यता:**
  - विभिन्न आयु समूहों में रोज़गार योग्यता के विभिन्न स्तर प्रदर्शित होते हैं। उदाहरण के लिये **22 से 25 वर्ष की आयु सीमा में** उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र जैसे राज्य उच्च प्रतिभा सांद्रता के साथ सामने आते हैं।
  - तेलंगाना में 18-21 आयु वर्ग में **रोज़गार योग्य प्रतिभाओं की संख्या सबसे अधिक** है, जहाँ 85.45% रोज़गार योग्य पाए गए, इसके बाद केरल में इस आयु वर्ग में 74.93% रोज़गार योग्य संसाधन पाए गए।

    - गुजरात में 26-29 आयु वर्ग में रोज़गार योग्य संसाधनों की उपलब्धता सबसे अधिक है, इस आयु वर्ग में 78.24% रोज़गार योग्य पाए गए हैं।
- **रोज़गार योग्य प्रतिभा वाले शहर:**
    - **18-21 आयु वर्ग में रोज़गार योग्य प्रतिभा** वाले शीर्ष शहरों में पुणे पहले स्थान पर आया, जहाँ **80.82% उम्मीदवार अत्यधिक रोज़गार योग्य पाए गए**, उसके बाद बंगलुरु और तिरुवनंतपुरम थे।
    - शीर्ष शहरों में 22-25 आयु वर्ग में रोज़गार योग्यता के लिये लखनऊ 88.89% के साथ पहले स्थान पर है, उसके बाद मुंबई और फिर बंगलुरु हैं।
- **रोज़गार हेतु सर्वाधिक पसंदीदा राज्य:**
    - **केरल** पुरुष तथा स्त्री दोनों रोज़गार योग्य प्रतिभाओं के लिये कार्य करने के लिये सबसे पसंदीदा राज्य है, जबकि कोचीन स्त्रियों के लिये कार्य करने के लिये सर्वाधिक पसंदीदा क्षेत्र है।
- **शिक्षण में AI एकीकरण:**
    - विज्ञान की शिक्षा में AI के एकीकरण को एक प्रमुख घटक के रूप में देखा जाता है, जो वैयक्तिकृत, विश्लेषण-संचालित तथा कार्रवाई योग्य अंतर्दृष्टि को सक्षम बनाता है। प्रभावी व्यावसायिक विकास के लिये यह एकीकरण आवश्यक माना जाता है।
- **उद्योग तत्परता:**
    - उद्यमों से अपेक्षा की जाती है कि वे शुरुआती कॅरियर कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित करते हुए **कौशल बढ़ाने की पहल में अधिक निवेश** करें। उक्त रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया है कि नियुक्तियों का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा शुरुआती कॅरियर क्षेत्रों की ओर निर्देशित किया जाएगा।
- **सहयोगात्मक प्रयास:**
    - यह रिपोर्ट चुनौतियों का समाधान करने तथा AI द्वारा उत्प्रेरित परिवर्तनकारी भविष्य को आगे बढ़ाने के लिये समावेशी कौशल विकसित करने की पहल पर ध्यान केंद्रित करने के लिये सरकारी निकायों, व्यवसायों एवं शैक्षणिक संस्थानों के बीच सहयोगात्मक प्रयासों की आवश्यकता पर ज़ोर देती है।

## कृत्रिम बुद्धिमत्ता से संबंधित भारत की पहल क्या हैं?

- INDIAai
- कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर वैश्विक भागीदारी (GPAI)
- यू.एस. इंडिया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पहल
- युवाओं के लिये ज़िम्मेदार कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI)
- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रिसर्च, एनालिटिक्स और नॉलेज एसिमिलेशन प्लेटफॉर्म

## कौशल विकास से संबंधित सरकारी पहल क्या हैं?

- प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना
- संकल्प योजना
- तेजस कौशल परियोजना
- स्किल इंडिया डिजिटल

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

**??????????:**

**प्रश्न. विकास की वर्तमान स्थिति में, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (Artificial Intelligence), निम्नलिखित में से किस कार्य को प्रभावी रूप से कर सकती है? (2020)**

1. औद्योगिक इकाइयों में विद्युत् की खपत कम करना
2. सार्थक लघु कहानियों और गीतों की रचना
3. रोगों का निदान
4. टेक्स्ट से स्पीच (Text- to- Speech) में परिवर्तन
5. विद्युत् ऊर्जा का बेतार संचरण

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-**

(a) केवल 1, 2, 3 और 5
(b) केवल 1, 3 और 4
(c) केवल 2, 4 और 5
(d) **1, 2, 3, 4 और 5**

**उत्तर: (b)**

---

**??????:**

**प्रश्न. भारत के प्रमुख शहरों में आईटी उद्योगों के वकिास से उत्पन्न होने वाले मुख्य सामाजकि-आर्थकि प्रभाव क्या हैं?(2022)**

**प्रश्न."चौथी औद्योगकि क्रांति (डजिटिल क्रांति) के प्रादुर्भाव ने ई-गवर्नेंस को सरकार का अवभािज्य अंग बनाने की पहल की है"। ववेचिन कीजयि। (2020)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-skills-report,-2024